कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 29-03-2025

विषयः- अवैध असलहा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से नाजायज रिवाल्वर व 02 अदद जिन्दा कारतूस (0.32 बोर) बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 29.03.2025 को डाकघर पुरानी हवेली के पास थाना क्षेत्र लंका से एक नफर अभियुक्त रौनक सिंह पुत्र स्व0 संतोष कुमार सिंह निवासी ग्राम लोहता पो0 गड़ैला थाना- सरायख्वाजा जिला जौनपुर को अवैध रिवाल्वर व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लंका पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः- दिनांक- 29.03.2025 को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान डाकघर पुरानी हवेली के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस बल द्वारा घेरघार कर पकड़ लिया गया तथा पूछताछ की गयी तो बताया कि मेरे पास रिवाल्वर है जिस कारण पुलिस को देखकर भाग रहा था। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी ली गयी तो उसके पास से एक अदद रिवाल्वर व दो अदद जिन्दा कारतूस 0.32 बोर का बरामद हुआ। अतः कारण गिरफ्तारी बताते हुए युवक को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त पूछताछ में बता रहे है कि मैने शौक के तौर पर चलते फिरते एक आदमी से यह रिवाल्वर व कारतूस खरीदा था। मैने केवल लोगों में अपना प्रभाव दिखाने के मकसद से इसे अपने पास रखा था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. रौनक सिंह पुत्र स्व0 संतोष कुमार सिंह निवासी ग्राम लोहता पो0 गड़ैला थाना- सरायख्वाजा जिला जौनपुर उम्र करीब 21 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 29.03.2025 को डाकघर पुरानी हवेली के पास थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी-

1. एक अदद रिवाल्वर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 0.32 बोर बरामद।
2. अभियुक्त के कब्जे से एक अदद मोटरसाइकिल संख्या UP 62 AZ 2926 बिना कागजात के 207 एमवी एक्ट के तहत सीज की गयी।

<u>पंजीकृत अभियोगों का विवरण</u>- मु0अ0सं0- 0103/2025 धारा 3/ 25 आयुध अधिनियम, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अभिषेक कुमार सिंह, चौकी प्रभारी संकटमोचन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अनुज सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. आरक्षी त्रियुगी प्रसाद, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. आरक्षी हरिभवन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. आरक्षी विनोद कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।